## सार-समाचार

### भाजपा अनादरा मंडल की कार्यशाला हुई

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीयव्यापी सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा अनादरा मंडल की कार्यशाला मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह देवडा की अध्यक्षता एवं सदस्यता अभियान मंडल प्रभारी मदन सिंह थल के सानिध्य में सिरोडी में आयोजित की गई। कार्यशाला में जिन कार्यकर्ताओं ने 50 से ज्यादा प्राथमिक सदस्य बनाए उन कार्यकर्ताओं को भाजपा की सक्रिय सदस्यता की रसीद दी गई। कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह देवडा ने कहा कि आने वाले पंचायती राज चुनाव की तैयारी को लेकर हम सब कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करना है और प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ता तैयार करने हैं। कार्यशाला में सदस्यता अभियान मंडल प्रभारी एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री मदन सिंह थल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि जिस भी भाजपा कार्यकर्ता ने अभी तक 50 या उससे अधिक प्राथमिक सदस्य बनाए हैं उसे प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सक्रिय सदस्य बनाया जा रहा है इसलिए आप सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर आगामी 15 नवंबर तक सक्रिय सदस्य जरूर बनाएं। कार्यशाला में भाजपा अनादरा मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह देवडा,मंडल प्रभारी मदन सिंह थल,पूर्व मंडल अध्यक्ष डाया लाल दवे,मंडल महामंत्री अशोक पुरोहित, मंडल महामंत्री केसाराम कोली, मंडल उपाध्यक्ष जयदीप सिंह देवडा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रजापत, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पुष्पा कोली,युवा मोर्चा मंडल महामंत्री मुकेश चौधरी,पूर्व मंडल महामंत्री धनाराम कोली,लिलोरा बूथ अध्यक्ष मोतीलाल कोली,तनेराज सिंह सोढा, भरत प्रजापत,दिग्विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पीएम विश्वकर्मा योजना पर चर्चा की

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत ग्राम पंचायत, नगर परिषद व नगरपालिका द्वारा प्रथम चरण के सत्यापन के पश्चात् प्राप्त आवेदनों के पुनरीक्षण एवं अनुशंषा के लिए मंगलवार को जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत दर्जी एवं राजमिस्त्री के लंबित आवेदनों को ग्राम पंचायत स्तर पर कमेटी बनाकर शीघ्र निस्तारित किये जाने के निर्देश दिए। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी ने विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत 18 प्रकार के व्यापार व कामगार शामिल हैं। योजना में प्रथम चरण से कुल 341 आवेदन द्वितीय स्तर पर प्राप्त हुए जिनमें 47 नाई, 31 लौहा/धातु आधारित, 144 लकड़ी का कार्य करने वाले, 35 मालाकार, 10 टूलकिट निर्माता, 31 कुम्हार, 8 मोची, 4 बास्केट निर्माता, 16 सुनार, 1 लॉकस्मिथ, 6 खिलौने बनाने वाले व 8 मूर्तिकार श्रेणी के आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से कुल 9 आवेदन योजनान्तर्गत पात्र न होने के कारण निरस्त किए गए तथा शेष सभी आवेदन पत्रों को कमेटी द्वारा तृतीय स्तर पर भेजने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में एसबीआई के जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रमेश कुमार, नेशनल स्टीरिंग कमेटी के सदस्य ओबाराम देवासी व प्रकाशचन्द्र छाजेड़ व वरिष्ठ सहायक अशोक कुमार माली उपस्थित रहे।

### बास्केटबॉल संघ जालोर के चुनाव आज

**जालोर**, कासं)। जिला बास्केटबॉल संघ जालोर की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 6 नवम्बर को माजीसा रिसोर्ट बिशनगढ़ में किया जायेगा। बैठक में कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न होंगे। चुनाव अधिकारी रामनिवास चौधरी ने बताया कि जालोर जिला बास्केटबाल संघ की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन बुधवार को प्रातः 11.30 बजे माजीसा रिसोर्ट बिशनगढ जालोर में आयोजित होगा। प्रस्ताव में लिए गए समस्त बिंदुओं को पारित करवाने के पश्चात वर्ष 2024 - 2028 की अवधि के लिए संरक्षक अध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष के एक एक पदों उपाध्यक्ष के चार पदों संयुक्त सचिव के तीन पदों तथा कार्यकारिणी सदस्यों के आठ पदों पर चुनाव कार्यवाही सम्पन्न करवाने के लिए जालोर जिला ओलिंपिक संघ के महासचिव लाल सिंह सांखला ने जालोर जिला ओलिंपिक संघ के पर्यवेक्षक प्रकाश बिश्नोई को तथा राजस्थान बास्केटबॉल संघ संघ के सचिव देवेंद्र सिंह शेखावत ने सिरोही जिला बास्केटबॉल के सचिव क्षेत्रपाल सिंह को एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र के खेल अधिकारी भरत सिंह गुर्जर ने बास्केटबॉल के प्रशिक्षक इमरान खान को पर्यवेक्षक नियुक्त किया हैं। जिनकी उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होगी।

### शहीद डाऊ के निवास पर बैठक हुई

**धोरीमन्ना**, (निसं)। निकटवर्ती धनाऊ क्षेत्र के मीठी नाडी के शहीद डाऊ प्रजापत के निवास पर परिवार व प्रजापत समाज एव ग्रामीर्णे की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जवान डाऊ प्रजापत को शहीद का दर्जा व शहीद के कोटे से तमाम प्रकार की मूलभूत सुविधाए मिलने को लेकर चर्चा विस्तृत चर्चा की। बैठक में परिवार के लोगों ने मांगे रखी। जवान डाऊ प्रजापत की माता झमू देवी, पीता दीपाराम, जवान डाऊ प्रजापत की धर्म पत्नी छगनीदेवी ने बताया कि ये फौजी भूमिहीन की श्रेणी में आते हैं। मेरा परिवार गरीब वर्ग के श्रेणी में आते हैं। चौहटन क्षेत्र एवं धनाऊ क्षेत्र पिछडा एरिया है। केंद्र सरकार व राज्य सरकार के बॉर्डर एरिया है। माता पीता व धर्म पत्नी ने बताया कि गांव तथा क्षेत्र के अन्य भारतीय सैनिक हैं जिसमें डाऊ प्रजापत देश के लिये शहादत दी.सरकार से अनुरोध है कि गांव के सरकारी विद्यालय तथा गौरव पथ का नाम शहीद डाऊ प्रजापत के नाम हो तथा गांव के विकास के लिये दो करोड की राशी स्वीकृत हो। जिससे भावी.पीढी देश के सैनिकों के लिए अग्रणी रहे। करनाराम, लालाराम, मोहनलाल, भलाराम सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### फरीदा बानो पठान को अध्यक्ष बनाया

**पाली**, (नि.सं.)। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने पाली जिला कांग्रेस सेवादल के महिला जिला अध्यक्ष पद पर फरीदा बानो पठान सोजत रोड को नियुक्त किया। इस नियुक्ति पर जिला परिषद सदस्य एवं प्रदेश सेवादल सयुक्त सचिव रासासिंह रावत, जिला उपाध्यक्ष भैरूसिंह गुर्जर, श्याम बागोरिया, चंपालाल राजपुरोहित, भूपेश मेवाड़ा, सोजत विधानसभा अध्यक्ष नोरत कुमावत, सोजत सेवादल अध्यक्ष असलम मेहर, मीडिया प्रभारी गुलाब सोडा, सुमेरपुर क्षेत्र विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण कुमार मेघवाल, बाली विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष जसाराम परिहार, धनराज आर्य, जगदीश कुमार प्रजापत, फिरोज खान मोयला, नंदेश्वर जोशी, चुन्नीलाल चौधरी, सुनील कुमार सोनी सहित कार्यकर्ताओं ने खुशी प्रकट करते हुए राजस्थान प्रदेश सेवादल अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जोन प्रभारी मोहन हटेला, पाली जिला सेवादल अध्यक्ष प्रकाश चौधरी का आभार व्यक्त किया। फरीदा बानो पठान के मनोनयन से कांग्रेस सेवादल संगठन को अधिक मजबूती मिलेगी।

### क्रिकेट में गिरिराज डाक विजेता बनी

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर गोस्वामी समाज क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन पहला सेमीफाइनल मैच दत्तात्रेय निम्बोडा और भारती ब्रदर मकावल के बीच हुआ जिसमें दत्तात्रेय निम्बोडा विजयी हुई। दूसरा सेमीफाइनल मैच गिरिराज डाक ओर माजीसा इलेवन मेडा के बीच में हुआ। जिसमें गिरिराज डाक विजय रही। फाइनल मैच गिरिराज डाक तथा दत्तात्रेय निम्बाडा के बीच में हुआ जिसमें गिरिराज डाक 9 विकेट से विजेता रही। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जगसी राम कोली, अध्यक्ष गोस्वामी समाज क्रिकेट प्रतियोगिता के हरसन पुरी गोस्वामी, गुलाब सिंह उपसरपंच मकावल, गणपत सिंह जिला महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा सिरोही, गोस्वामी समाज क्रिकेट कमेटी के सदस्य सहित कई जने मौजूद थे।

### चूड़ी की फैक्ट्री में आग पर पाया काबू

**पाली**, (नि.सं.)। पाली. शहर के नया गांव क्षेत्र स्थित जेसीबी वाली गली में सोमवार रात एक चूड़ी की फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची नगर निगम की दो दमकलों ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार शहर के नयागांव क्षेत्र के जेसीबी गली में सोमवार रात एक चूड़ी की फैक्ट्री में आग लग गई। घटना के दौरान अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सूचना के बाद नगर निगम की दो दमकल मौके पर पहुंची। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री संचालक फिरोज खान ने बताया कि आग में फैक्ट्री में लगी मशीन के साथ चूड़ियां और अन्य सामान जलकर राख हो गए। ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।

### केंद्रीय कारागार में सिम कार्ड मिला

**जोधपुर**, (कासं) । जोधपुर केंद्रीय कारागार में एक निजी कंपनी का सिम कार्ड मिला। केंद्रीय कारागार के कारापाल रामचंद्र ने रिपोर्ट दी कि जेल परिसर में एक निजी कंपनी की सिम मिली। जिसे बरामद कर पुलिस के सुपुर्द किया गया। रातानाडा पुलिस अब जांच कर रही है।

# जालोर महोत्सव के आयोजन सहित कई कार्यों पर चर्चा की



जालोर विकास समिति की बैठक कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे की अध्यक्षता में हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर विकास समिति के अध्यक्ष व जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जालोर विकास समिति की बैठक हुई।

जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बैठक में जालोर विकास समिति द्वारा किये गये सेवा प्रकल्प, जालोर महोत्सव के आयोजन, सामाजिक सरोकार सहित विभिन्न विषयों पर अब तक किये गये कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जालोर विकास समिति के सचिव सीए मोहन पाराशर ने गत बैठक की कार्यवाही पुष्टि एवं प्रगति विवरण, जालोर विकास समिति के वर्ष 2023-24 के लेखों की प्रस्तुति एवं पुष्टि, जालोर महोत्सव-2024 की रिपोर्ट व लेखा प्रस्तुति एवं पुष्टि तथा जिले के विकास के लिए प्रमुख सामाजिक सरोकार की सेवा योजनाओं के लिए सुझाव एवं ऐतिहासिक सुन्देलाव तालाब की समस्याओं के समाधान एवं विकास को लेकर विचार गोष्ठी के आयोजन को लेकर चर्चा की। वही समिति के माध्यम से किये गये सेवा प्रकल्पों की भी विस्तृत जानकारी दी गई।

कलैक्टर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिले के विकास एवं सामाजिक सरोकार के कार्यों में जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सुन्देलाव तालाब की समस्याओं के समाधान एवं विकास को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा गोष्ठी के माध्यम से कार्ययोजना तैयार की जायेगी, ताकि सुन्देलाव तालाब का सौन्दर्यीकरण एवं विकास हो सकें। नगर परिषद जालोर के अधिकारियों को तालाब की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, नगर परिषद के एटीपी शिवदान जांगिड़, मानवेन्द्र सिंह राजपुरोहित, मदनराज बोहरा हितेश प्रजापत, परमानन्द पट्ट, राजेन्द्र भूतड़ा, नितिन सोलंकी, कानाराम परमार, महेश भट्ट, पदमा नागर, रतन सुथार, सुरेश सोलंकी, सपना बजाज, मधु भाटी, विनिता ओझा, नूर मोहम्मद आदि उपस्थित रहे।

# उत्कर्ष के ट्रिपल ऑफर का आज आखिरी दिन

**जोधपुर**, (कासं)। विद्यार्थियों की भारी मांग पर एक्स्टेंड किए गए उत्कर्ष क्लासेस के दिवाली ट्रिपल धमाका ऑफर का आज आखिरी दिन है।

इस ऑफर के तहत उत्कर्ष एप के सभी ऑनलाइन कोर्सेस पर 90 प्रतिशत तक की भारी छूट दिए जाने के अतिरिक्त प्रत्येक कोर्स पर 3 माह की अतिरिक्त वैधता तथा लाइव फ्रॉम क्लास रूम कोर्स के साथ रिकॉर्डेड कोर्सेस भी निः शुल्क दिए जा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त उत्कर्ष एप की बुकशाला पर भी 80 फीसदी तक की भारी छूट उपलब्ध करवाई गई है जिसमें विद्यार्थियों के लिए नोट्स, पुस्तकें इत्यादि बेहतरीन अध्ययन सामग्री की उपलब्धता हैं। विद्यार्थी इन सामग्रियों को बुकशाला से ऑनलाइन ऑर्डर कर मँगवा सकते हैं।

करेंट अफेयर्स के विशेषज्ञ कुमार गौरव की बहुप्रतीक्षित पी व्हाई क्यू पर आधारित पुस्तक भी बुकशाला पर इस छूट के साथ उपलब्ध है।

गौरतलब है कि उत्कर्ष एप में आईएएस, आरएएस, यूपीपीसीएस, एमपीपीएससी, बीपीएससी, बीएसएससी, आरएएस, पशु परिचर, एसएससी, बैंक, रेलवे, केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) इत्यादि के अतिरिक्त राजस्थान तथा अन्य राज्यों के विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं सहित नीट-जेईई, सीयूईटी, डिफेंस, नर्सिंग, कृषि, न्यायिक सेवा परीक्षा इत्यादि के ऑनलाइन कोर्सेस तथा सीबीएसई एवं विभिन्न राज्य बोर्ड के तहत कक्षा 6 से 12 तक (हिंदी व अंग्रेजी माध्यम) के ऑनलाइन ट्यूशन कोर्सेस उपलब्ध हैं। इन सभी श्रेणियों पर यह ऑफर दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त ई-मित्र, आर. के. सी. एल तथा सीएससी के माध्यम से कोर्स में एनरोल करने पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त डिस्काउंट भी प्राप्त किया जा सकता है।

# शहजाद खान का स्वागत



नर्सिंग कर्मियों ने नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शहजाद खान का स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष शहजाद खान का सोमवार को सामान्य चिकित्सालय जालोर के नर्सिंग कर्मियों ने स्वागत व अभिनंदन किया।

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जालोर के जिलाध्यक्ष शहजाद खान के नियुक्त होने पर सामान्य चिकित्सालय जालोर के नर्सिंग अधीक्षक सहित अन्य नर्सिंग कर्मियो ने साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। वही नर्सेज कर्मियों ने बताया कि शहजाद खान हमेशा नर्सेज कर्मियों की समस्याओं को लेकर आगे आते रहे है। हमेशा चिकित्सा सेवा को बेहतर बनाने को लेकर प्रेरित करते रहे है।

वहीं शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर जिला चिकित्सालय जालोर के नर्सेज के प्रति सेवा भाव व समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है। वही नर्सेज कर्मियों ने बताया कि शहजाद खान के जिलाध्यक्ष बनने से नर्सेज कर्मियों का संगठन मजबूत बनेगा तथा नर्सेज की समस्याओं को हल करने में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

शहजाद खान के जिलाध्यक्ष बनने से नर्सिंग कर्मियों ने हर्ष व्यक्त किया।

## दो साल से फरार पन्द्रह हजार का इनामी गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं) । जिले की ग्रामीण पुलिस एवं डीएसटी ने दो साल से फरार चल रहे 15 हजार के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी से अब पूछताछ चल रही है। आरोपी को रेंज स्तर पर चल रहे ऑपरेशन धर कर भर के तहत पकड़ा जा सका।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि पुलिस थाना खेड़ापा के एनडीपीएस एक्ट में लम्बे समय से फरार चल रहे जिले का टॉप-10 वांछित पन्द्रह हजार का इनामी अभियुक्त रेवन्तराम को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया।

जिला विशेष टीम प्रभारी करणीदान के नेतृत्व में कांस्टेबल पप्पूराम की आसूचना पर एनडीपीएस के प्रकरण में लम्बे समय से फरार चल रहे जोधपुर जिले का टॉप-10 वांछित 15 हजार के इनामी अपराधी खेड़ापा के कास्टी निवासी रेवन्तराम पुत्र उमाराम राम जाट को पकड़ खेड़ापा पुलिस के सुपुर्द किया गया।

# पुलिस पर हमला करने व एक लाख रुपये का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के भीनमाल पुलिस ने मंगलवार को पुलिस पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार हार्डकोर एक लाख रूपये का इनामी अभियुक्त भजनलाल विश्नोई को प्रॉडेक्शन वांरट पर गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि 21 दिसम्बर 2021 को जरिये मुखबीर सूचना मिली थी कि आरोपी भजनलाल विश्नोई साथियों के साथ गाड़ी लेकर वारदात की फिराक में पुनासा में विश्नोई समाज की सांथरी में है तथा श्मशान भूमि में जबरदस्ती रास्ता निकालना चाहता है। पुलिस थाना झाब को जाब्ता सहित सहायतार्थ के लिए पुनासा पहूंचने के निर्देश देकर मुखबीर की सूचना पर तत्कालिन भीनमाल थानाधिकारी दुलीचंद निरीक्षक मय जाब्ता के रवाना होकर पुनासा पहुंचे। थानाधिकारी झाब ने बताया कि भजनलाल वगैराह सांथरी से विश्नोईयों की ढाणी की तरफ गाड़ियां लेकर भाग रहे हैं, हम इनका पीछा कर रहे है। सामने से पिकअप गाड़ी, सफेद स्कोर्पियों व एक कैम्पर काले रंग की दिखाई दी। थानाधिकारी द्वारा रोकने के लिए सरकारी वाहन से रास्ता अवरूद्ध किया तो पिकअप गाड़ी के चालक भजनलाल ने पुलिस जाब्ता को जान से खत्म करने के आशय से पिकअप गाड़ी से सरकारी गाड़ी के सामने टक्कर मारी। सरकारी गाड़ी क्षतिग्रस्त होकर बंद हो गई, तब थानाधिकारी मय जाब्ता ने दूसरे वाहन से पीछा किया व थानाधिकारी झाब ने दूसरे वाहनो का पीछा किया तो स्कोर्पियो चालक जोगाराम ने साथियों के साथ मिलकर थानाधिकारी झाब मय पुलिस जाब्ता पर हिट फायर किया, मगर झाब पुलिस जाब्ता द्वारा बचाव कर हवाई फायर करने पर जोगाराम के अन्य साथी वहां से भाग गये। पीछा कर मुलजिम जोगाराम व भागीरथराम को दस्तयाब कर लिया।

तत्कालिन भीनमाल थानाधिकारी मय पुलिस जाब्ता ने भजनलाल का पीछा किया मगर वो पिकअप लेकर थानाधिकारी झाब के उपर चढ़ाने की कोशिश कर मौके से भाग गया। एसपी ज्ञानचन्द्र यादव जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार मोटाराम गोदारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जालौर एवं अन्नराजसिंह राजपुरोहित वृताधिकारी वृत भीनमाल के सुपरविजन में रामेश्वर भाटी पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी भीनमाल के नेतृत्व में गनी मोहम्मद उपनिरीक्षक मय जाब्ता ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भीनमाल से मुलजिम का प्रॉडेक्शन वारंट प्राप्त कर मुलजिम को उपकारागृह भीनमाल से प्राप्त कर गिरफ्तार किया जाकर अनुसंधान किया गया।

## जे.डी.ए. के भूखंडों की ई-नीलामी जारी

**जोधपुर**, (कासं)। आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण उत्साह चैधरी के निर्देशानुसार जोधपुर विकास प्राधिकरण की दीपावली मेगा ई-ऑक्शन के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के आवासीय एवं व्यावसायिक भूखण्डों, औद्योगिक भूखण्डों एवं मल्टीस्टोरी रहवासीय भूखण्डों की नीलामी की जा रही है।

प्राधिकरण द्वारा सोमवार एवं मंगलवार को 02 नीलामी दिवस में विवेक विहार योजना सेक्टर डी के 10 भूखण्डों को नीलामी के जरिये विक्रय किया गया।

प्रभारी अधिकारी नीलामी शाखा संदीप सान्दू ने बताया कि जेडीए में बुधवार को विवेक विहार सेक्टर डी के भू.सं. 1106, 1107, 1128, 952 व 1008 एवं माह जुलाई से दिसम्बर ई-नीलामी कार्यक्रम अनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय विहार आवास योजना के भू.सं. 33, 62, 63, 96 व 70 की नीलामी की जाएगी। सान्दू ने बताया कि मंगलवार को ई-नीलामी में प्राधिकरण को 45,400/- प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई। ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्ते जोधपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

# दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित



बागरा में पाली जिला सेवादल के जिला प्रभारी खीमाराम चौधरी ( मध्य ) का सम्मान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर के पास बागरा में मंगलवार को दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में पाली जिला सेवादल के नव नियुक्त जिला प्रभारी खीमाराम चौधरी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सम्मान व स्वागत किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसारे इस अवसर पर चौधरी ने अपनी नियुक्ति के लिए पार्टी के आलाकमान का आभार प्रकट करते हुए संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण का संकल्प लिया। सम्मान समारोह में रमीला मेघवाल, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता साकिर खान खोखर, शंकर अग्रवाल, मिलाप चंद जैन, मेहमूद खान, पोलाराम मेघवाल, बगाराम, प्रकाराम, मोहन लाल, बशीर खान, और मांगीलाल मेघवाल सहित कई जने उपस्थित रहे।

चौधरी ने सभी का धन्यवाद देते हुए कहा कि वह संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

खीमाराम चौधरी ने कहा कि मैं आलाकमान और प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत तथा पुखराज पाराशर का हृदय से आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताते हुए यह जिम्मेदारी दी है। संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाने का हर संभव प्रयास करूंगा।

# अनिता हत्याकांड : प्रॉपर्टी डीलर तैयब के घर छापेमारी

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में ब्यूटीशियन हत्याकांड का मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन अब भी फरार है। प्रकरण में पुलिस बीते 6 दिन में 24 से ज्यादा लोगों से पूछताछ व बड़ी संख्या मे मोबाइल जब्त कर चुकी है। मंगलवार सुबह पुलिस की टीम ने प्रॉपर्टी डीलर तैयब अंसारी के घर छापेमारी की। करीब 20 जवानों ने कमला नेहरू नगर में अंसारी के बंगले की तलाश ली और उससे पूछताछ भी की। पुलिस ने लेपटॉप सहित कुछ दस्तावेज अपने कब्जे में लिए हैं।

जानकारी के अनुसार अनीता के पति मनमोहन और उसकी सहेली सुमन का ऑडियो सामने आने के बाद तैयब अंसारी का नाम सामने आया था। आरोप है कि अनीता को गायब करने और उसका मर्डर करने में तैयब अंसारी का हाथ हो सकता है।

अंसारी पाली, जोधपुर इलाके में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। जानकारी के अनुसार, अंसारी की राजनीतिक दलों से भी अच्छी सांठगांठ है। मारवाड़ के इलाकों में विवादित प्रॉपर्टी को लेकर कई बार तैयब अंसारी का नाम सामने आ चुका है।

वहीं, परिजनों ने अनीता का शव अब तक नहीं लिया है।


परिवार पांच दिन से सरदारपुरा स्थित तेजा मंदिर पर धरने पर बैठा है। हत्याकांड को लेकर गुलामुद्दीन की पत्नी आबिदा परवीन पुलिस रिमांड पर है। परिजन सरदारपुरा रोड स्थित तेजा मंदिर के बाहर धरने पर बैठे हैं।

जोधपुर शहर में अलग-अलग जगह हत्याकांड और मांगों से जुड़े पोस्टर लगाए गए हैं।

रविवार को परिजनों ने कहा था कि इस हत्याकांड के पीछे लूट का मकसद नहीं है। इसमें कई बड़े खुलासे होने हैं। अनीता के पास कुछ ऐसा था जिसके चलते उसकी हत्या की गई है।

धरने पर मौजूद लोगों का कहना था कि जोधपुर पुलिस तो आसाराम जैसे बड़े आरोपी को गिरफ्तार कर लाई थी। सामान्य सा रफू का काम करने वाला (गुलामुद्दीन) उनकी पहुंच से बाहर कैसे हो सकता है। ये कोई बड़ा षड्यंत्र है। धरने पर मौजूद परिजनों ने पांच मांगें रखी है, इसमें 1 करोड़ का मुआवजा, सरकारी नौकरी, मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी, हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज से मामले की जांच और जिम्मेदार अधिकारियों को पुलिस कमिश्नरेट से हटाने की मांग की है।

# सनातन धर्म की रक्षा करें : संत कृपाराम



श्रवणसिंह बोरली के निवास पर स्नेह मिलन समारोह व सत्संग कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के सांचौर स्थित आवास पर दिपावली स्नेहमिलन एवं सत्संग कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में संतों सहित स्थानीय नागरिकों, भाजपा पदाधिकारियों सहित सैकड़ों जनमानस ने उपस्थिति दी।

कार्यक्रम के प्रारंभ के कथावाचक संत कृपाराम महाराज, राजाराम महाराज, गणेशनाथ महाराज सहित संतजनों का स्वागत सत्कार किया एवं संतों ने गौपूजन कर, तुलसी पूजन किया। उसके पश्चात् उपस्थित नागरिकों को राष्ट्र भक्ति, सनातन धर्म एवं दैनिक जीवन में साधना के महत्व पर प्रवचन सुनाया गया। सांचौर स्थित शिवनाथपुरा मठाधीश गणेशनाथ महाराज ने बताया की दैनिक जीवन में कठिन परिश्रम आवश्यक हैं, किन्तु परिश्रम सकारात्मक होना चाहिए और यह सकारात्मकता केवल सत्संग और अच्छी संगत से आती हैं। संत राजाराम महाराज ने बताया की जीवन में साधना का विशेष महत्व होता हैं, साधक अपने लक्ष्य को साधने के लिए नित्य साधना करे तो ही लाभ प्राप्त होता हैं। साधना राष्ट्र सेवा, धर्म रक्षा, जीवदया और पर्यावरण हितकारी होनी अनिवार्य हैं।

संत कृपाराम महाराज ने सनातन धर्म की वर्तमान स्थिति को बताते हुए बताया की आज सनातन धर्म की रक्षक बनने की आवश्यक्ता नहीं, उसमें बतायी गई बातों का अनुसरण करने की आवश्यक्ता हैं, सनातन आदि अनादि काल से स्वयं की रक्षा कर, यहां तक आया हैं, सनातन धर्म में अपनी रक्षा करने का सामर्थ्य हैं, हमें केवल उस शक्ति की उपासना करनी हैं, जो सनातन धर्म के वेदों, ग्रंथों में बताया गया हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि सत्संग ही एकमात्र उपाय हैं, जिस से हमारी धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत को सींचा जा सकता हैं। सत्संग के माध्यम से संतों द्वारा दिए गए उपदेशों को जीवन में उतारकार, उनका अनुसरण करने से न केवल स्वयं आत्म सन्तुष्ठ होता हैं, अपितु राष्ट्र हित और धर्महित के कार्यो को बल प्राप्त होता हैं।

इस दौरान मनसुख महाराज, तुलसपुरी महाराज, मोहनराम महाराज, एवं बालसंतों सहित मानसिंह राव, मनरूपसिंह राव, सतीशसिंह राव, पूरणसिंह राव, अजमलसिंह राव, नरपतसिंह राव, प्रतापसिंह राव, भंवरसिंह राव, खेमराज देसाई, रमेश सोनी, डॉ. शीला बिश्नोई, प्रवीण माली, इन्द्रसिंह राणावत, जोगाराम पुरोहित, अर्जुनसिंह सरवाणा आदि मौजूद रहे।

## छठ महापर्व शुरू

**पाली**, (नि.सं.)। छठ महापर्व की शुरुआत आज लौकी भात खाकर व्रतियों ने शुरुआत की।

व्रती सुबह उठकर लाखोटिया सरोवर में स्नान करने के बाद या जो सरोवर में स्नान आ नहीं कर सकते तो वो भी अपने घर मे पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान किये। स्नान करने के बाद मिट्टी के चूल्हे पर व्रती ने अपने हाथों से लौकी की सब्जी, चने की दाल और चावल पकाए। इस भोजन में कोई विशेष प्रकार के मसाले का इस्तेमाल नहीं किया जाता।इसे खाकर व्रती व्रत की शुरुआत करती हैं। आज नहाय खाय से छठ महापर्व की शुरुआत हो गई। छठ व्रत में शुरू से ही नहाय खाय के दिन लौकी चावल खाने की परम्परा है। लौकी को सब्जियों में सात्विक माना गया है। लौकी आसानी से पच जाता है और इसमें पानी अच्छी मात्रा में होती है। इसे खाने के बाद काफी समय तक शरीर में उर्जा बनी रहती है। छठ व्रत की शुरूआत लौकी चावल खाकर की जाती है।